03/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महामहिम सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के निमंत्रण पर आज आधिकारिक यात्रा पर बंदर सेरी बेगवान पहुंचे हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की यह पहली यात्रा है। श्री मोदी की यह यात्रा भारत और ब्रुनेई के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ के सिलसिले में हो रही है। उन्होंने कहा कि ये दोनों देश भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसिफिक विजन में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। 00000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने आज वन मंजूरी, तकनीक तथा आर्थिक मंजूरी, भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी पर केंद्रित करते हुए राजधानी ईटानगर में प्रदेश के जलविद्युत परियोजनाओं के स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक बुलाई। उन्होंने मुख्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पी एस यू) सहित तेरह विद्युत परियोजनाओं की प्रगती की भी समीक्षा की। श्री खाण्डू ने संबद्ध विभागों और जिला उपायुक्तों को निर्देश दिया की वे यह सुनिश्चित करे की राज्य सरकार की तरफ से मंजूरी के लिए आवश्यक कार्य में तेजी लाने में कोई देरी ना हो। अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने कहा कि राज्य के राजस्व, रोजगार और आर्थिक अवसरों के लिए जलविद्युत बहुत महत्वपूर्ण है श्री खाण्डू ने सुनिश्चित करने को कहा कि सभी परियोजनाएं तेजी से और कुशलता से आगे बढ़े।

00000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से आज "राष्ट्रीय पोषण सप्ताह" के दौरान सभी हितधारकों से एकजूट होकर दैनिक जीवन में पोष्टिक आहार के महत्व पर जागरुकता फैलाने को कहा। उन्होंने सभी से अभिभावकों और समुदायों को उचित पोषण तथा स्थानीय रुप में उपलब्ध पोष्टिक खाद्‌य स्रोतो के बारे में शिक्षित करने में कोशिश में तेजी लाने को भी कहा। 0000000000000000

पश्चिम बंगाल विधानसभा ने आज बलात्कार विरोधी विधेयक- 'अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक 2024' पारित कर दिया है। यदि बलात्कार पीड़िता की मृत्यु हो जाती है या उसे बेहोशी की हालत में छोड़ दिया जाता है तो विधेयक में दोषी को मौत की सजा का प्रस्ताव है। विधेयक में समयबद्ध जांच और सुनवाई, विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना, पीड़ित की पहचान की सुरक्षा, न्याय में देरी पर जुर्माना, बार-बार अपराध करने वालों के लिए सख्त दंड और अपराजिता टास्क फोर्स का निर्माण भी शामिल है।

0000000000000000

राजधानी ईटानगर उपायुक्त तालो पोतोम ने आज प्रमुख सार्वजनिक मुद्दों पर एक सामान्य समन्वय बैठक बुलाई। ईटानगर स्थित डी के कॉनवेंशन केंद्र में आयोजित इस बैठक में पार्किंग मुद्दे, राजमार्ग के सड़क की स्थिति, कूड़ा फेंकने का स्थान, बिजली एवं जल संकट, सरकारी क्वार्ट्स पर अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण, रेसट्रो-बार्स, आवारा कुत्तों, ड्रग्स और अनियमित कसाई दुकानों के मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान जिला उपायुक्त ने सभी हितधारकों से इस अहम मुद्दों को सुलझाने में अपने विचार और सुझाव देने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि सभी सुझावों को राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

00000000000000000

तवांग पुलिस ने आज तवांग में जिला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में नारकोटिक्स समन्वय समिति (एनसीओआरडी) की बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान तवांग के एसपी डी.डब्ल्यू थोंगन ने क्षेत्र में जंगली भांग की मौजूदगी पर चिंता व्यक्त की और इसे खत्म करने के लिए ग्रामीणों और अर्धसैनिक बलों से सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने बाज़ार सचिवों और गाँव बुढ़ाओ को जिले में सक्रिय किसी भी ड्रग तस्करों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस के साथ सक्रिय रूप से जानकारी साझा करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के प्रतिनिधियों ने भारत-भूटान सीमा चेक गेटों की कड़ी निगरानी का आग्रह किया है।

00000000000000000

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटो में पूर्वोत्तर क्षेत्र में मध्यम बारिश होने की संभावना है और आज से इस महिने की पांच तारीख तक प्रदेश में अलग अलग स्थानों में भारी वर्षा होने की आशंका जताई है। 00000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस के अवसर पर आज भारतीय सेना सिगार मिलिटारी सेटेशन और जिला उद्योग केंद्र ने मिलकर ईस्ट सियांग जिले के मोतुम विलेज में एक परिवर्तनकारी कार्यशाला का आयोजन किया। स्थानीय लोगों के बिच उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देना इस कार्यशाला का मकसद रहा। इस दौरान लोगो ने आभार जताते हुए जानकारी और समर्थन का उनके जीवन पर पड़ने वाले साकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया।

0000000000000000

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने वंचित श्रमिकों तक प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) का लाभ पहुंचाने के लिए कदम उठाया है। संबद्ध मंत्रालय द्वारा सभी राज्य सरकारों को एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें प्रवासी श्रमिकों, भवन निर्माण श्रमिकों, बीड़ी श्रमिकों, सिने श्रमिकों, गैर-कोयला खदान श्रमिकों, अनुबंध श्रमिकों और अन्य असंगठित श्रमिकों को शामिल करने का आग्रह किया गया है। पात्र लाभार्थियों को दो करोड़ अतिरिक्त घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस-पच्चीस से दो हजार अट्ठाईस -उनतीस तक अतिरिक्त पांच वर्षों के लिए पीएमएवाई के कार्यान्वयन को बढ़ाने के वास्ते केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया।

0000000000000000

मुख्य विज्ञान सलाहकार गोलमेज सम्मेलन (सीएसएआर) का 2024 संस्करण इस महीने की 6 तारीख को फ्रांस के पेरिस में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा।

00000000000000000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। आज नई दिल्ली में **टनलिंग इंडिया** के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के मद्देनजर सड़कों के प्रभावी स्थायी समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। श्री गडकरी ने यह भी कहा कि सरकार देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने परियोजनाओं की सफलता के लिए प्रौद्योगिकी, कच्चे माल की उपलब्धता और तैयार उत्पाद के विपणन पर भी जोर दिया। 00000000000000000